एक नजर में

50 बच्चों को वितरित किए स्वेटर

बैतूल। ठंड प्रतिदिन बढ़ती जा रही है ऐसे में स्कूल जाने वाले बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। विगत 10 वर्षों से करुणा सोसाइटी फॉर डेवलपमेंट, प्रभात पट्टन द्वारा आरती फाउंडेशन मुंबई के वित्तीय सहयोग से शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका एवं दस्तावेजीकरण के क्षेत्र में कार्य कर रही है। इसी श्रृंखला में करूणा आरोग्य मिशन अंतर्गत इंदिरा नगर, प्रभात पट्टन में निवासरत निहाल समुदाय के बच्चों के लिए स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राथमिक शाला, इंदिरा नगर प्रभात पट्टन में किया गया, जिसमें समुदाय के 50 बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। कार्यक्रम जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सरस्वती नागले, सरपंच ग्राम पंचायत पाबल नरेश पंडोले, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी आशीष चंद्र शर्मा, माध्यमिक शाला पाबल के शिक्षक अनिल कापसे, लालचंद झरबड़े, प्राथमिक शाला शिक्षक श्री सिरसाम के आतिथ्य में और करुणा सोसाइटी फॉर डेवलपमेंट के कुलदीप मालवी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी आशीष शर्मा ने कहा कि ठंड के मौसम में बच्चों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किया गया यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है और इससे बच्चों को अपने लक्ष्य प्राप्त करने में प्रोत्साहन मिलेगा। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सरस्वती नागले ने कहा कि बच्चों को स्कूल से जोडकर रखने की दिशा में यह एक अभिनव पहल है, जिससे ठंड से राहत के साथ उनमें पढ़ाई के प्रति रुचि भी बढ़ेगी। कार्यक्रम का मंच संचालन विजय विश्वकर्मा द्वारा और आभार कुलदीप मालवी ने व्यक्त किया। स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इस अवसर पर बच्चे, जनप्रतिनिधि सहित शाला स्टाफ था।

शिशु नगरी सांस्कृतिक कार्यक्रम उड़ान सम्पन्न

बैतूल। शिशु नगरी सांस्कृतिक कार्यक्रम उड़ान का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कालापाठा में किया गया। जिसमें शिशु वाटिका एवं प्राथमिक विभाग के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नाटक प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम बच्चों द्वारा विभिन्न नृत्यों, प्रेरणादायी पर्यावरण संरक्षण और अपने बड़ों के आदर की संस्कृति को दर्शाया। कार्यक्रम कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास पर्यवेक्षक राखी ज्ञानचन्दानी के आतिथ्य में मुख्य वक्ता शिशु वाटिका प्रान्त प्रमुख श्रीमती सुरेखा ठाकुर के मार्गदर्शन में और विद्यालय संचालन समिति महर्षि अरविन्द शिक्षा समिति की सहसचिव श्रीमती कृष्णा जैन की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय संचालन समिति सचिव विनय डोंगरे, सदस्य हरीश गढ़ेकर, सदस्य बालाराम साहू, विद्यालय प्राचार्य संजय उपाध्याय, शाला स्टाफ और अभिभावक थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती पूजन व वन्दना के साथ हुआ। राखी ज्ञानचंदानी ने अपने बचपन के दिन की यादों व सपनों के बारे में बताया। मुख्य वक्ता श्रीमती सुरेखा ठाकुर ने 12 शैक्षिक व्यवस्था के बारे में व क्रिया आधारित शिक्षा का महत्व बताया। श्रीमती जैन ने बच्चों प्रस्तुति अच्छे तरह करने के लिए प्रोत्साहित किया। अतिथि परिचय विद्यालय के मेधावी छात्र चेतन लोखण्डे ने किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा हर्षा चन्द्रवंशी व मानवी यादव द्वारा श्रीमती मोनिका वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया।

जमीन को लेकर किसानों ने कमिश्नर न्यायालय में लगाई आपत्ति

नवभारत न्यूज

बैतूल, 25 दिसंबर. करबला स्थित खेड़ी रोड पर प्रस्तावित अंतरराज्यीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) के लिए जिला प्रशासन ने जिस जमीन को चिन्हित किया था, उस जमीन को लेकर किसानों ने अपना दावा जताते हुए कमिश्नर न्यायालय नर्मदापुरम में आपत्ति दर्ज करा दी है।

जमीन विवाद में उलझा अंतरराज्यीय बस स्टैंड

फायर स्टेशन का प्रोजेक्ट भी अधर में लटका

ऐसे में यहां बनने वाले अंतरराज्यीय बस टर्मिनल और फायर स्टेशन निर्माण का सपना जमीनी विवाद की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। किसानों की आपत्ति के बाद न सिर्फ जमीन आवंटन की प्रक्रिया रुक गई है, बल्कि किसानों का आरोप है कि जिस जमीन को प्रशासन अंतरराज्यीय बस टर्मिनल के लिए आवंटित कर रहा है, वह लंबे समय से उनके कब्जे में है और बिना सहमति इसे बस स्टैंड निर्माण के लिए लिया जा रहा है। बता दे कि महानगरों की तर्ज पर अंतरराज्यीय बस टर्मिनल बनाने के लिए जिला प्रशासन ने करबला स्थित खेड़ी रोड पर जमीन चिन्हित की थी। जहां बस स्टैंड बनाने के साथ-साथ फायर स्टेशन का भी निर्माण होना था, किन्तु किसानों द्वारा आपत्ति दर्ज कराये जाने से जमीन आवंटन की प्रक्रिया रूक गई है। प्रशासन का तर्क है कि यह जमीन सरकारी रिकॉर्ड में मंदिर के नाम दर्ज थी। पूर्व में इस जमीन को मंदिर निर्माण और संचालन के लिए आवंटित किया था। मंदिर से जुड़े लोग ही वर्षो से इसका उपयोग कर रहे थे,लेकिन सर्वाकार (कानूनी स्वामित्व) से जुड़े रिकार्ड उपलब्ध न होने से कलेक्टर ने यह आवंटन समाप्त कर जमीन को शासन के अधीन कर लिया गया है।

बस स्टैंड और फायर स्टेशन निर्माण की थी तैयारी : प्रशासनिक रिकार्ड के मुताबिक बैतूल में बैतूल में आईएसबीटी के लिए पूर्व में हुए सर्वे के बाद तीन से चार संभावित स्थान चिन्हित किए थे। बाद में कलेक्टर व जनप्रतिनिधियों द्वारा निरीक्षण के बाद करबला स्थित खेड़ी रोड की जमीन का चयन किया। कलेक्टर न्यायालय से उक्त जमीन नपा के नाम आवंटित करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी थी। लेकिन अब मामला कमिश्नर न्यायालय में है, जहां दो माह से सुनवाई चल रही है। यह न्यायालयीन प्रक्रिया कितनी लंबी चलेगी, इसका कोई स्पष्ट अनुमान नहीं है। बताया जा रहा है कि जब तक कमिश्नर न्यायालय से आदेश नहीं आ जाता, नपा को जमीन आवंटन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पायेगी।

> अंतरराज्यीय बस स्टैंड के लिए जिस जमीन का आवंटन नगरपालिका को करने की बात कहीं जा रही थी, उस पर किसानों ने आपत्ति दर्ज कराई है। जब तक सुनवाई पूरी नहीं हो जाती है, तब तक काम शुरू नहीं हो सकता है।
> **- नीरज धुर्वे, एई नगरपालिका बैतूल**

करीब 9 एकड़ जमीन की आवश्यकता

अंतरराज्यीय बस स्टैंड बनाने के लिए लगभग 9 एकड़ जमीन की आवश्यकता बताई गई है और सर्वे कि बाद इस जमीन को प्रशासन ने आईएसबीटी निर्माण के लिए उपयुक्त मानते हुए आगे की प्रक्रिया भी शुरू कर दी थी, उसी पर आसपास के किसानों ने अपना दावा जताते हुए कमिश्नर न्यायालय, नर्मदापुरम में आपत्ति दर्ज करा दी है। किसानों की आपत्ति से योजना ठंडे बस्ते में चली गई। जमीन को लेकर कब तक मामला स्पष्ट हो पायेगा, इसका भी स्पष्ट अनुमान नही है। इधर शहर के बीचोबीच कोठीबाजार बस स्टैंड से रोजाना बसों के आवागमन से शहर के अंदर यातायात व्यवस्थाएं बिगड़ रही है। इसी बस स्टैंड से जिले के अलावा महानगरों तक जाने वाली बसों का संचालन हो रहा है।

आपत्ति के कारण फायर स्टेशन का मामला भी लटका

जिला प्रशासन ने 11 एकड़ जमीन आरक्षित कर रखी है। इसमें से करीब 2 एकड़ जमीन पर आधुनिक फायर स्टेशन का निर्माण भी प्रस्तावित है। यह फायर स्टेशन मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी (एमपीयूडीसी) भोपाल द्वारा बनाया जाना है, जिसकी अनुमानित लागत करीब 2 करोड़ रुपए है। एमपीयूडीसी द्वारा इसके लिए निविदा प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है, लेकिन जमीन से जुड़े इस विवाद ने फायर स्टेशन परियोजना पर भी प्रश्नचिह्न लगा दिया है। जमीन का मामला समय रहते नहीं सुलझा, तो न सिर्फ आईएसबीटी बल्कि फायर स्टेशन जैसी जरूरी सुविधा भी कागजों तक सिमट कर रह जाएगी। यह स्थिति प्रशासनिक समन्वय, पूर्व नियोजन और जमीन चयन की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े करती है। बता दे कि फिलहाल बैतूल नगरपालिका के पास दो बड़ी और एक छोटी फायर ब्रिगेड हैं। जगह की कमी के कारण इन्हें नगरपालिका परिसर में खड़ा करना पड़ता है। यहां तक कि कर्मचारियों के लिए अलग से कोई कमरे की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है।

राज्यसभा सांसद तन्खा ने की 30 लाख रुपए देने की घोषणा

मुलताई। राज्य सभा सांसद एवं वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा गुरुवार की सुबह मुलताई प्रवास पर पहुंचे,उन्होने ताप्ती मंदिर पहुंचकर मां ताप्ती जी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया,इस दौरान उनके साथ पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे एवं कांग्रेस नेता उपस्थित थे। जिसके बाद सांसद तन्खा पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे के कार्यालय पहुँचे जहां पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सीएस चंदेल सहित अधिवक्ता राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा से मिले एवं ज्ञापन सौपकर अधिवक्ताओ के बैठने के लिए पुरुष एवं महिलाओ के लिए अधिवक्ता कक्ष, यूरिनल एवं सुलभ शौचालय निर्माण,

कॉन्फ्रेंस हॉल, लाइब्रेरी के लिए 30 लाख रुपए की मांग की। वहीं व्यवहार न्यायालय मुलताई का कार्यकाल 100 वर्ष पूर्ण होने जा रहा है, जिसे शताब्दी जयंती महोत्सव आएजन में सर्वोच्च न्यायालय, दिल्ली के मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय जबलपुर के मुख्य न्यायाधीश और मुलताई के मूल निवासी न्यायमूर्ति सुशांत धर्माधिकारी सहित अन्य गणमान्य न्यायाधीशों की गरिमामयी उपस्थिति प्रस्तावित है।संघ ने इसके लिए आवश्यक अनुमतियां दिलाने एवं उच्च न्यायालय से समन्वय में सहयोग की अपेक्षा जताई। हिसाब पर श्री तन्खा ने महिला अधिवक्ता कक्ष निर्माण के लिए 30 लाख रुपए देने की घोषणा की।जिसमे इस वित्तीय वर्ष में 20 लाख एवं अगले वित्तीय वर्ष में 10लाख रुपए देने की घोषणा की,वहीं शताब्दी वर्ष मनाने में भी पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। जिसके बाद सांसद विवेक तन्खा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भी संबोधित किया। इस दौरान पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे, कांग्रेस नेता संजय यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

बिजली आपूर्ति बाधित होने से किसानो में नाराजगी

मुलताई। क्षेत्र के ग्राम बानूर में किसान बिजली संबंधित समस्याओं से परेशान है, बिजली समस्याओ को लेकर किसानो ने रविवार को थाना साईखेड़ा बिजली आफिस के सुपरवाइजर को प्रमुख अभियंता के नाम ज्ञापन सौपा। किसानो ने बताया ग्राम पंचायत बानूर में रबी फसल की बुवाई के बाद से मेंटेनेंस एवं बिजली आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित है, किसान जैसे-तैसे अपनी फसलों की सिंचाई कर रहे हैं, लेकिन लगातार केबलों का गिर जाना, डीपी का जल जाना, ऑयल कम, केवल सेटिंग इत्यादि परेशानियां बनी हुई थी, हद तो तब

हो गई जब विगत एक हफ्ते से बिजली आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित रही,जिसको लेकर किसानों में भारी आक्रोश है। किसानों ने तत्काल रूप से बिजली के मेंटेनेंस करने एवं बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित करने के मांग की। किसानो का कहना है कि बिजली आपूर्ति एवं सुधारीकरण जल्द नहीं किया गया तो किसानों द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान विशाल डोंगरे, हेमराज गांवडे, यशवंत धोटे, दीपक वर्मा, बाबूलाल धुर्वे, गणेश गावंडे, जितेंद्र वर्मा, नंदकिशोर बुवाडे सहित किसान उपस्थित थे।

बीयू विश्वविद्यालय की टीम ने किया महाविद्यालय का निरीक्षण

बैतूल। सत्र 2026-27 के एलएलबी पाठ्यक्रम की सम्बद्धता और निरंतरता के लिए बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की टीम ने शासकीय विधि महाविद्यालय, बैतूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विश्वविद्यालय की टीम ने महाविद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, अधोसंरचना, पुस्तकालय, शिक्षण संसाधन और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का विस्तार से अवलोकन किया। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा समिति को सभी आवश्यक दस्तावेज और जानकारियां उपलब्ध कराई गईं। सुशासन दिवस के अवसर पर स्टेट लॉ कॉलेज, भोपाल के प्रोफेसर डॉ. जितेन्द्र गुप्ता ने विद्यार्थियों को विधि की बारीकियों से अवगत कराते हुए प्रेरक व्याख्यान दिया। विद्यार्थियों ने इस दौरान न्यायिक प्रक्रिया और विधिक अध्ययन से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में उपयोगी जानकारी प्राप्त की। इसी दिन महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य विषय पर विशेष माइंड वेलनेस व्याख्यान का आयोजन भी किया गया। इस व्याख्यान को काउंसलिंग साइकोलॉजिस्ट एवं एजुकेटर सुश्री मानसी शुक्ला ने विवेकानंद कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रस्तुत किया।

अटल सेना ने धूमधाम से मनाई अटल जयंती

बैतूल। अटल सेना द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री और संगठन के पितृ पुरुष अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उनके छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और मिष्ठान वितरण कर धूमधाम से मनाई साथ ही तुलसी जयंती के अवसर पर महिलाओं को पौधे भेंट किए। इस मौके पर संगठन के संस्थापक और प्रांत अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चौहान (केन्डु बाबा) ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी का ओजस्वी व्यक्तित्व, राष्ट्र सर्वोपरि का सिद्धांत और सुशासन के प्रति समर्पण सदैव हमें प्रेरित करता रहेगा। राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान अविस्मरणीय है।

संस्कृति से मजबूत होगी भविष्य की नींव : नेहा गर्ग

बैतूल। आज संजीवनी स्कूल के वार्षिकोत्सव में राष्ट्र भक्ति और सनातन से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखकर सुखद अनुभूति हुई है। उक्त उद्गार बैतूल शहर की ब्रांड एम्बेसेडर श्रीमती नेहा गर्ग ने संजीवनी हायर सेकेंडरी स्कूल, इटारसी रोड, बैतूल में वार्षिकोत्सव कलरव में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आज पाश्चात संस्कृति से बच्चों में बचपन से ही बूरे प्रभाव पड़ रहे हैं। उस समय देश भक्ति और सनातन संस्कृति से जुड़े ऐसे कार्यक्रमों से निश्चित ही शाला में पढ़ रहे विद्यार्थियों को नई दिशा मिलेगी जो समाज के लिए भी लाभदायक

साबित होगी। श्रीमती गर्ग ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को रचनात्मक सोच, स्वच्छता और नवाचार के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि कबाड़ को जुगाड़ में बदलने की सोच न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम है, बल्कि आत्मनिर्भरता की ओर भी प्रेरित करती है। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। नवनीत गर्ग ने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने, सकारात्मक सोच और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी।

खेल महोत्सव में मुलताई की जिया कौसर ने किया शानदार प्रदर्शन

मुलताई। नगर के पीएम श्री विद्यालय में अध्ययनरत छात्रा जिया कौसर ने बैतूल में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

जिया कौसर ने योगा प्रतियोगिता में शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए दूसरा पुरस्कार प्राप्त किया। सांसद खेल महोत्सव के पुरस्कार वितरण समारोह में क्षेत्रीय सांसद डीडी उइके ने जिया कौसर को मेडल, प्रमाण पत्र एवं नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, परिजन एवं नगरवासियों में हर्ष का माहौल है।जिया कौसर की इस सफलता से न केवल पीएम श्री विद्यालय बल्कि मुलतापी क्षेत्र को भी गौरव प्राप्त हुआ है। शिक्षकों ने जिया की मेहनत, अनुशासन और लगन की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।वही मोहम्मद अफसर नें अपनी बेटी जिया कौसर की इस उपलब्धि पर खेल शिक्षक रश्मि बाथरे, महेश खत्री एवं स्कूल स्टॉप सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारियों का आभार जताया है।

भाजपाइयों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती

मुलताई। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की शताब्दी जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर बुधवार शाम 6 बजे भाजपा कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं गुरुवार विधानसभा के समस्त बूथों पर जन्म जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया।

भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने बताया गुरुवार पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की शताब्दी जन्म जयंती नगर सहित

मुलताई विधानसभा सभी बूथों पर मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने अटल जी के राष्ट्रवादी विचारों, सुशासन, समरसता और विकास की सोच को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया तथा उनके बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्र सेवा के लिए सतत कार्य करने का प्रण किया। वही 24 दिसंबर दिन बुधवार शाम श्रद्धा अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा कार्यालय में दीप उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष वर्षा गढेकर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश पवार, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू, भाजपा नगर मंडल महामंत्री राघवेंद्र रघुवंशी, निलेश चावरिया, नपा सभापति जी ए बारस्कर, शिल्पा शर्मा, एसआईआर के विधानसभा संयोजक तुलसीराम बारस्कर, नगर मंडल कोषाध्यक्ष उपेंद्र पाठक, नगर मंडल उपाध्यक्ष स्वाती भार्गव, महिला मोर्चा जिला मंत्री कंचन पठाडे, नगर मंडल मंत्री जया जैन, पूर्व नपा उपाध्यक्ष रेखा शिवहरे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रतियोगिता सुशासन दिवस पर सांसद खेल महोत्सव का हुआ समापन

प्रधानमंत्री देश को सुशासन और विकास के पथ पर बढ़ा रहे आगे : केंद्रीय मंत्री

बैतूल। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए सांसद खेल महोत्सव 2025 का समापन समारोह 25 दिसंबर को छत्रपति शिवाजी ओपन ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। समापन कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, घोड़ाडोंगरी विधायक श्रीमती गंगाबाई उईके, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार, राजीव खंडेलवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि

उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. अटल बिहारी वाजपेई जी एवं भगवान बिरसा मुंडा जी के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर शासकीय कन्या शाला छात्रावास की छात्राओं द्वारा जनजातीय नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी गई। साथ ही मल्लखंब अभ्यास एवं प्रदर्शन ने दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित किया। कार्यक्रम के दौरान कबड्डी, बास्केटबॉल, हॉकी, क्रिकेट, रस्साकसी, पिट्ठू, फुटबॉल, तैराकी, योगासन, स्केटिंग सहित अन्य खेलों के विजेता खिलाड़ियों को सांसद खेल महोत्सव के पुरस्कार भी वितरित किए गए। इसके साथ ही आदि बाजार का भी समापन किया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके ने कहा कि अटल जी के विचारों और सपनों को साकार करने के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री श्री मोदी देश को सुशासन और विकास के पथ पर आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी का योगदान अनुपम और अद्वितीय है। वे व्यक्ति निर्माण, समाज निर्माण और राष्ट्र निर्माण को जीवन का मूल उद्देश्य मानते थे। वे एक श्रेष्ठ कवि, दूरदर्शी राजनेता और प्रखर वक्ता थे, जिन्होंने देश को स्वर्णिम भारत का सपना दिया। इसके अलावा उन्होंने कहा कि भारत विश्व के 193 देशों में ऐसा देश है जहां लगभग 65 प्रतिशत आबादी युवा है, जबकि विकसित देशों में यह प्रतिशत अपेक्षाकृत कम है। प्रधानमंत्री जी ने युवाओं को 2047 तक भारत को विश्व का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाने का लक्ष्य दिया है। खेल, उद्यमिता, उद्योग, तकनीक, अंतरिक्ष और नवाचार के क्षेत्र में भारत अपनी प्रतिभा का लोहा विश्व के सामने मनवाएगा। उन्होंने सांसद खेल महोत्सव की जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन 21 सितंबर से प्रारंभ होकर 25 दिसंबर तक ग्राम स्तर से लेकर संसदीय लोकसभा स्तर तक आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है, जो युवाओं को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाती है।

मुलताई में 28 दिसम्बर को होगा कवि समागम

मुलताई। पवित्र नगरी मुलताई में नर्मदा आव्हान सेवा समिति नर्मदा पुरम व वागेश्वरी साहित्य परिषद मुलताई के संयुक्त तत्वाधान में स्व. मदन सोनी मोरखा,स्व. वसंत मिरासे बैतूल,स्व पंछी लाल बेले बडगांव की स्मृति में नितेश नैश भोपाल की अध्यक्षता में आदरणीय देवकृष्ण व्यास देवास के मुख्य आतिथ्य में 100 कवियों का समागम 28 दिसम्बर रविवार को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक स्टेशन रोड मुलताई स्थित लान में आयोजित होगा। कार्यक्रम संयोजक जयकिशन चंदेल एवं दीपक साहू सरस ने बताया कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विधायक चंद्रशेखर देशमुख, आमला विधायक योगेश पण्डाग्रे, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, पूर्व विधायक पंजाब राव बोडखे, नपा अध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर, मनीष माथनकर, मंडल अध्यक्ष गणेश साहू, अंतरराष्ट्रीय गायत्री परिवार दक्षिण भारत प्रभारी उत्तम गायकवाड़, उपेन्द्र पाठक, लोकेश गीदकर, अतिथि कवि पंडित महेन्द्र मधुर आष्टा, मुकेश मासूम, खातेगांव, जयकृष्ण चाण्डक हरदा, शंकर बटोही भोपाल, श राजकुमार कोरी, संतोष जैन, लीनासिंह परिहार सागर, मनोज शुक्ला, सुनील पांसे, अजय पवार, भीमराव झरबड़े, पुष्पक देशमुख, अमित बिल्लौरे, हरीश पाण्डे पिपरिया, आयोजक किशोर केप्टन करैया, संयोजक दीपक साहू सरस, सह संयोजक शजयकिशन चंदेल अध्यक्ष वागेश्वरी साहित्य परिषद मुलताई, दीपक यदुवंशी सहित लगभग 100 कवियो का काव्यपाठ व सम्मान समारोह मे शामिल होंगे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक लोक न्यास आमला, जिला बैतूल, म.प्र.

रा.प्र.क्रमांक : 0001/बी-113(1)/2025-26, आवेदन दिनांक

//इश्तेहार//

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रमुख ट्रस्टी गायत्री परिवार ट्रस्ट आमला तर्फे आवेदक भिक्कू प्रसाद धामोड़े पिता बिहारीलाल धामोड़े, जाति सूर्यवंशी ढोलेवार कुंबी उम्र 68 साल, निवासी महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड 08 आमला, तहसील आमला, जिला बैतूल द्वारा गायत्री परिवार ट्रस्ट आमला द्वारा दिनांक 09.03.2025 को गायत्री परिवार की बैठक में लिये गये प्रस्ताव अनुसार लोक न्यास के रूप में न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक लोक न्यास मुलताई जिला बैतूल के राजस्व प्रकरण क्रमांक 03/बी-113(1)/2005-06 ग्राम आमला में पारित आदेश दिनांक 25.04.2006 के अनुसार गायत्री ट्रस्ट आमला के पंजीयन क्रमांक 66/2006 पर लोक न्यास के रूप में पूर्व से पंजीकृत लोक न्यासीयों के स्थान पर प्रस्ताव दिनांक 20.11.2025 के आधार पर पूर्व ट्रस्टी 01. प्रेमनारायण पिता स्व. श्री हरदयाल पाठक प्रमुख ट्रस्टी गायत्री नगर आमला, 02. देवकरण टिकारिया पिता स्व. श्री शिवचरण टिकारिया, सहायक ट्रस्टी निवासी गायत्री नगर आमला, 03. विष्णुकुमार मालवीय पिता शोभाराम मालवीय प्रबंधक ट्रस्टी आमला निवासी वार्ड नंबर 01 तहसील कार्यालय के पीछे आमला, 04. शिशुपाल ढढ़ोरे पिता हिमवंद ढढ़ोरे ट्रस्टी बोड़खी पेट्रोल पम्प केपास हसलपुर, बोड़खी तहसील आमला, 05. श्री सुभाष पिता मारोतीराव देशमुख निवासी वार्ड नंबर 2 आमला तहसील आमला, 06. श्री अनिल कुमार पाठक पिता श्री पी.एन. पाठक निवासी गायत्री नगर आमला तहसील आमला, 07. श्री ठाकुरदास पवार पिता श्री दयाराम पवांर निवासी गायत्री नगर आमला, तहसील आमला, 08. धनराज सोनी पिता स्व. गरीबा सोनी निवासी गायत्री नगर आमला, तहसील आमला, 09. श्री गंगाराम पवार पिता सयाराम पवार निवासी गायत्री नगर आमला, तहसील आमला, 10. श्री रमेश सूर्यवंशी पिता शिवदीन सूर्यवंशी बोरदेही तहसील आमला, सभी जिला बैतूल पूर्व गायत्री परिवार ट्रस्टी के स्थान पर 01. प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी श्री भिक्कू प्रसाद धामोड़े पिता स्व. श्री बिहारीलाल धामोड़े उम्र 68 साल, जाति सूर्यवंशी ढोलवार कुन्वी निवासी लक्ष्मीबाई वार्ड 08 आमला, तहसील आमला, मो. नंबर 6261975882, 02. सहायक प्रबंध ट्रस्टी श्री कमल किशोर सूर्यवंशी पिता स्व. श्री रामसिंह सूर्यवंशी जाति किराड़, उम्र 66 साल, निवासी वार्ड नंबर 17 बोड़खी, तहसील आमला, मो. नंबर 9406567105, 03, वित प्रबंध ट्रस्टी श्री भीमराव देशमुख पिता स्व. श्री आननंदराव देशमुख जाति क्षत्रिय लोनारे कुन्बी, उम्र 61 साल निवासी वार्ड नंबर 07 आमला, तहसील आमला, मो. नंबर 9893437210, 04. ट्रस्टी श्री ठाकुरदास पवार पिता स्व. श्री दयाराम पवार जाति क्षत्रिय भोयर उम्र 69 साल, निवासी वार्ड नंबर 07 आमला, तहसील आमला, मो. नंबर 7697961134, 05, ट्रस्टी, श्री कैलाश वर्मा पिता स्व. श्री परसराम वर्मा जाति किराड़, उम्र 46 साल, निवासी बल्ला चाल आमला, तहसील आमा, मो. नंबर 8319731143, 06. श्रीमती सुनीता टिकारे पति श्री पवन टिकारे जाति क्षत्रिय भोयर उम्र 51 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 03 आमला, तहसील आमला, मो. नंबर 9765120102, 07. श्रीमती पंचफुला देशमुख पति स्व. श्री दिनकर देशमुख उम्र 58 वर्ष जाति क्षत्रिय लोनारे कुन्बी, निवासी बल्ला चाल आमला, तहसील आमला मो. नंबर 91799397919, सभी जिला बैतूल के रूप में गायत्री ट्रस्ट का पुर्नगठन किये जाने हेतु ट्रस्ट डीड पेश कर उपरोक्तानुसार सदस्यों को ट्रस्ट के संस्थापक नियुक्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस संबंध में किसी हितबद्ध पक्षकार/शासकीय संस्था/ विभाग/ट्रस्टी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने किसी मान्य अधिवक्ता के माध्यम से अपनी आपत्ति नियत पेशी दिनांक 30-12-2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी दिनांक पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन आज दिनांक 22-12-25 को जारी।

अनुविभागीय अधिकारी एवं लोक न्यास पंजीयन अधिकारी आमला

विज्ञापन/समाचार हेतू संपर्क करे

नवभारत समाचार पत्र भोपाल में विज्ञापन एवं समाचार हेतू संपर्क करे

नवभारत कार्यालय, चक्कर रोड बैतूल मो. 9424009999